छपते छपते

दी इंस्टीच्यूट ऑफ कोस्ट एकाउंट्स ऑफ इंडिया की सभा में केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल। -फोटो : छपते छपते

लाल बहादुर शास्त्री थे देश के सच्चे सपूत : मेघवाल

विशेष संवाददाता

कोलकाता, 18 सितम्बर। भारत सरकार के फाइनेंस एंड कॉर्पोरेट मामले के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज द इंस्टीट्यूट ऑफ़ कॉस्ट एकाउंट्स ऑफ़ इंडिया के सेमिनार में शामिल हुए। जे.एन.बोस ऑडीटोरियम में मुख्य अतिथि के तौर पर आयोजित सेमिनार में उन्होंने वक्तव्य रखते हुए, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जमकर तारीफ की।

उन्होंने इस मौके पर यह भी कहाँ कि लाल बहादुर शास्त्री देश के सच्चे सपूत थे। उन्होंने बताया कि 1958 में लाल बहादुर शास्त्री जी ने ही इस भवन का उद्घाटन किया था। वह अपने घर से कॉस्ट अकाउंट की शुरुआत किये थे। उनका स्कूल नदी के उस पार थे। स्कूल जाने के लिए नाव पर तांबा एक लाल पाई लगता था। उस लालपाई से घर की सब्जी आ जाती थी। गरीबी इतनी थी कि वह लालपाई सब्जी के लिए बचाने के लिए नदी तैंर कर पार करते थे। एक बार वह विदेश गए तो जवाहर लाल नेहरु के कोर्ट पहन कर गए, जिसमें उनका जूता तक ढक गया था। ऐसे मनीषि हमें कॉस्ट मैनेजमेंट सीखना चाहिए। उन्होंने इस बात पर रोष जताया कि एक गाड़ी जब कोई खरीदता है तो उसका कॉस्ट 30 लाख रुपये होते है और उसका रिपेयर पार्ट्स खरीदने में 60 लाख रूपये कैसे लगते है। इस बात को कॉस्ट अकाउंट ऑफ़ इंडिया को देखना चाहिए। आज उनकी वजह से मोबाइल फोन के दाम हर रोज गिर रहे है। मंच पर इंस्टीट्यूट के प्रेसिडेंट मानस कुमार ठाकुर, वाईस प्रेसिडेंट संजय गुप्ता, कौंसिल मेम्बर अभिजीत गोस्वामी,बिश्वरूप बसु ,महा सचिव डॉ सुभाष सरकार, सचिव आशीष बनर्जी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत में इन्द्राक्षी भट्टाचार्य ने सरस्वती बंदना की।